# समाचार वाणी
## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# क्या आज लखनऊ मे होने वाला LSG vs RCB मैच भी होगा रद्द ? IPL चेयरमैन ने दी ताजा अपडेट।

Publisher Published on 09 May 2025




**आज लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु मैच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम मे खेला जाना है. लेकिन क्या ये मैच भी रद्द होगा ? जानिए इसको लेकर ताजा जानकारी.**

आज लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में LSG बनाम RCB मैच आयोजित है. मैच शाम को 7:30 बजे से खेला जाना है, लेकिन इसको लेकर बड़ा सवाल है कि क्या भारत पाकिस्तान तनाव के बीच ये मैच भी रद्द हो जाएगा जैसे गुरुवार को पंजाब बनाम दिल्ली मैच हुआ. लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मैच को लेकर आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बड़ी जानकारी दी है.

पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया. इससे बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने बॉर्डर पर लगातार फायरिंग करना शुरू कर दिया. गुरुवार को तो पाकिस्तान की तरफ से जम्मू समेत कई जगहों पर ड्रोन हमले किए गए, जिन्हे भारतीय सेना ने मार गिराया. पठानकोट में हमले की खबर के बीच धर्मशाला में खेला जा रहा IPL 2025 का 58वां मैच (PBKS vs DC) रोक दिया गया और सभी खिलाड़ियों को सुरक्षित होटल भेजने के बाद दर्शकों को भी वहां से निकाल लिया गया.

पठानकोट से धर्मशाला की दूरी करीब 85 किलोमीटर है, इसलिए एतिहातन बीसीसीआई ने तुरंत मैच रोककर प्लेयर्स को स्टेडियम से रवाना कर दिया. आज IPL 2025 का 59वां मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाना है, जो आईपीएल प्लेऑफ के लिहाज से महत्वपूर्ण है. अगर आरसीबी जीती तो वह सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन जाएगी जबकि लखनऊ हारी तो वह बाहर हो जाएगी.

आज LSG vs RCB मैच होगा या नहीं ?

लखनऊ में आज होने वाला आईपीएल मैच रद्द नहीं हुआ है. इसके बारे में पूछे जाने पर अरुण धूमल ने पीटीआई से कहा, ''हां, यह मैच फिलहाल होगा, लेकिन निश्चित रूप से स्थितियां बदल रही हैं और सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए कोई भी निर्णय लिया जाएगा.''

बेशक भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के ड्रोन हमले को फेल कर दिया लेकिन इससे विदेशी खिलाड़ियों में जरूर डर पैदा हुआ है. ऑस्ट्रेलिया मीडिया में बताया जा रहा है कि पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग समेत ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर्स तो जल्द से जल्द अपने घर लौटने की तैयारी कर रहे हैं. इस बीच बीसीसीआई के लिए लीग को जारी रखना थोड़ा मुश्किल हो सकता है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.